News सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-139
पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

**आज का विचार**

आजकल हाथ जोड़ना ही नहीं बड़ो से बात करते समय मोबाइल ना चलाना भी बहुत बड़ा सम्मान है।

# बिहार सिटी चीफ

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, शनिवार 24 अगस्त 2024

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार



**परिजन बोले- शराब पार्टी कर घर आया तो तबीयत बिगड़ी**

## वैशाली में जहरीली शराब पीने से युवक की मौत! 3 की हालत गंभीर



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

वैशाली, वैशाली से बड़ी खबर आ रही है. जहां एक युवक की संदिग्ध मौत हुई है जबकि तीन की स्थिति नाजुक बनी हुई है. सभी पटना पीएमसीएच में भर्ती है. घटना बिदुपुर थाना क्षेत्र के मझौली चौक के पास की है. ग्रामीणों का आरोप है कि पांचों ने जहरीली शराब पी थी. इसके बाद ही चारों की तबीयत बिगड़ी. वहीं प्रशासन का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है.परिजनों का कहना है कि रक्षाबंधन के दिन देर रात साले बहनोई और दो अन्य दोस्त घर से तकरीबन 100 मीटर दूर वाइन कारोबारी नवल राय के बेटे से शराब लिया था और रेलवे ट्रैक शराब पार्टी की थी. जैसे ही सभी ने शराब का सेवन कर पहुंचा तो सभी के मुंह से ब्लीडिंग शुरू होने लगी. खून गिरने के बाद परिजनों ने फौरन हाजीपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां से तुरंत पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया.

ताया जा रहा है कि हाजीपुर में निजी अस्पताल भर्ती लेने से इनकार कर दिया था. जहां गुरुवार देर रात मझौली गांव निवासी मनोज राय के 20 वर्षीय बेटे छोटू की मौत हो गई. उसके बहनोई और अन्य दो दोस्तों की स्थिति नाजुक बनी हुई है. एसपी ने बताया अब तक जहरीली शराब की बात तो नहीं आई है लेकिन यह बात सामने आया कि कोई नशीला पदार्थ खाने से एक युवक की मौत हुई है.

अब तक जहरीली शराब की बात तो नहीं आई है लेकिन यह बात सामने आया कि कोई नशीला पदार्थ खाने से एक युवक की मौत हुई है.

इधर, सदर एसडीपीओ घटनास्थल पर पहुंचकर पूरे जांच शुरू कर दी है. शुरुआती जांच में यह बात सामने आई कि दोनों परिवारों के बीच पूर्व का विवाद चल रहा था. आशंका है कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष को जहरीला पदार्थ खिला दिया. - हर किशोर राय, वैशाली एसपी

## मुखिया पति और प्रखंड जेई के आदेश पर मनरेगा से लगे 10 वर्ष पुराना हरा पेड़ कटवा कर बेचा

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**



एक तरफ नीतीश सरकार जल जीवन हरियाली योजना के तहत पेड़ लगाने के लिए लगातार लोगों से अपील कर रही है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक पेड़ मां के नाम संकल्प के साथ लगाने की लोगों की अपील कर रहे हैं तो दूसरे तरफ पूर्वी चंपारण के पकडीदयाल प्रखंड के चोरमा पंचायत में मुखिया और जेई के मिली भगत से हरे पेड़ों को काटकर चोरी चुपके बेचने का मामला सामने आ रहा है। पकडीदयाल प्रखंड क्षेत्र के चोरमा पंचायत वार्ड नंबर 7 में मुखिया पति विजय दास और प्रखंड के जेई द्वारा मनरेगा से 10 वर्ष पुराने लगे हरे पेड़ को देर शाम 8 बजे कटवा दिया गया। जब इसकी सूचना वार्ड प्रतिनिधि विजय मांझी को हुआ अपने ग्रामीणों के साथ घटना स्थल पर पहुंचा तब तक मुखिया और जेई वहां से फरार हो चुका था। वार्ड सदस्य प्रतिनिधि विजय मांझी ने बताया कि आधा दर्जन से अधिक 10 वर्ष पुराना हरे पेड़ को मुखिया के द्वारा कटवा दिया गया। वही लगभग आधा दर्जन आधा अधूरा पेड़ कटा हुआ छोड़कर फरार हो गया। वार्ड सदस्य और ग्रामीणों की सूचना पर कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद अजहरूद्दीन घटना स्थल पर पहुंच कर जायजा लिया। घटना सत्य पाया गया। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए कार्यक्रम पदाधिकारी मोहम्मद अजहरूद्दीन ने बताया कि मनरेगा के द्वारा लगे हुए 10 वर्ष पुराने हरे पेड़ काटा गया है और कुछ आधा अधूरा काट कर छोड़ दिया गया है। जिसको लेकर वन विभाग मोतिहारी को लिखा गया है। आगे की आदेश मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**GRP ने पूछा- कौन हो प्लेटफॉर्म पर मचा हड़कंप**

## रेलवे स्टेशन पर महिला के साथ खड़ी थी 5 लड़कियां



**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**

गोपालगंज, गोपालगंज के मांझा थाना क्षेत्र के एक गांव से गायब हुईं पांच लड़कियों को पुलिस ने रेस्क्यू कर पटना जंक्शन से सकुशल बरामद कर लिया. वहीं, लड़कियों को भगाने वाली एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया. गिरफ्तार महिला मांझा थाना क्षेत्र के कमनपुरा गांव की रहने वाली है, जो गांव के ही एक गैस एजेंसी पर काम करती थी. पुलिस ने मेडिकल जांच कराने के बाद सभी लड़कियों को उनके परिजनों को सौंप दिया है. वहीं, इस गिरोह में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है.

बताया जाता है कि मांझा थाना क्षेत्र के एक गांव से बीते 22 अगस्त की रात पांच नाबालिग लड़कियां अचानक से गायब हो गई थीं. इसकी सूचना मिलने के बाद मांझा थानाध्यक्ष संग्राम सिंह ने एक टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की और पांचों नाबालिग लड़कियों को पटना जंक्शन से बरामद कर लिया. वहीं एक महिला आरोपित को गिरफ्तार कर लिया.

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिला अपने दो बच्चे तथा पति को छोड़कर पांच दिन से घर से फरार थी. पूछताछ में महिला ने बताया कि पांचों नाबालिगों को पहले फोन पर ब्रेन वॉश किया गया था. पांचों को सीवान जिला के बड़हरिया में बुलाया गया था. वहीं से एक बस में बैठकर पटना ले गई थी.

## पुलिस ने शुरू की एक मुफ्त यात्रा योजना

**अंशु तिवारी । सिटी चीफ**



बढ़ते हुए अपराधों को देखते हुए पुलिस ने एक मुफ्त यात्रा योजना शुरू की है पिछले बुधवार से, जहां कोई भी महिला जो अकेली है और उसे रात 10 बजे से सुबह 6 बजे के बीच घर जाने के लिए वाहन नहीं मिल रहा हो, वह पुलिस हेल्पलाइन नंबर (1091,100 और 7837018555) पर संपर्क कर सकती है और वाहन का अनुरोध कर सकती है। वे 24×7 घंटे काम करेंगे. कंट्रोल रूम का वाहन या नजदीकी पीसीआर वाहन/एसएचओ वाहन उसे सुरक्षित उसके गंतव्य तक पहुंचाएगा. यह निःशुल्क किया जाएगा। इस संदेश को अपने जानने वाले सभी लोगों तक पहुंचाएं। अपनी पत्नी, बेटियों, बहनों, माताओं, दोस्तों और उन सभी महिलाओं को नंबर भेजें जिन्हें आप जानते हैं.. उन्हें इसे सहेजने के लिए कहें .. सभी पुरुष कृपया उन सभी महिलाओं के साथ साझा करें जिन्हें आप जानते हैं...।

आपातकालीन स्थिति में महिलाएं खाली संदेश या मिस्ड कॉल कर सकती हैं .. ताकि पुलिस आपका स्थान ढूंढ सके और आपकी मदद कर सके पूरे भारत में लागू।

## तरियानी से घर लौट रही छात्रा के साथ हुई घटना की आरजेडी के प्रवक्ता ने निंदा की है

**चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ**




शिवहर, जिला राजद के प्रधान प्रवक्ता शिशिर कुमार ने तरियानी प्रखंड के सुमहुति बाज़ार से ख़रीददारी कर घर लौट रही 15 वर्षीय छात्रा का दिनदहाड़े अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म किए जाने पर आक्रोश व्यक्त किया है।

उन्होंने जिले में अपराधियों के लगातार बढ़ रहे मनोबल पर गंभीर चिंता प्रकट करते हुए कहा है कि जिला राजद जिले में ऐसे अपराधों को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा है कि तरियानी थाना अपराध का थाना बन गया है क्योंकि वहाँ आये दिन गंभीर अपराध होते रहते हैं। श्रीकुमार ने दुष्कर्म के आरोपी एवं उसके सहयोगियों को अविलंब गिरफ़्तार करने और उनका समरी ट्रायल कर सजा दिलाने की माँग जिला प्रशासन और सरकार से की है।

## बेगूसराय में गुस्साई भीड़ ने ट्रक चालक और खलासी को जमकर पीटा

**प्रतिबंधित मांस ले जाने का लगाया आरोप**



बेगूसराय में ट्रक में प्रतिबंधित मांस ले जाने का आरोप लगाकर भीड़ ने कानून को अपने हाथ लेकर ट्रक चालक और खलासी को पकड़कर उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान पुलिस मौके पर मूक दर्शक बनी पूरी घटना देखती रही। इस घटना के बाद मौके पर काफी देर तक अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। इस दौरान भीड़ ने जमकर हंगामा भी किया। यह पूरा मामला एफसीआई थानाक्षेत्र के रतन चौक स्थित एनएच-31 का है। जानकारी के मुताबिक, एनएच-31 से एक ट्रक जा रहा था। उस ट्रक से काफी दुर्गंध आ रही थी। उसके बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोक लिया और प्रतिबंधित मांस होने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान कुछ लोगों ने ट्रक चालक और खलासी को पकड़ लिया और उनकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना की सूचना एफसीआई थाना पुलिस को लगी। फिर पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले को शांत करने में जुट गई, लेकिन लोग मानने को तैयार नहीं हुए। वे पुलिस के सामने ही ड्राइवर और खलासी को पीटते रहे। बाद में गुस्साए लोगों ने पुलिस के खिलाफ भी हंगामा शुरू कर दिया। हालांकि एफसीआई थाना पुलिस ने ट्रक चालक और खलासी को भीड़ से बचाकर हिरासत में ले लिया।इस मामले को लेकर सदर डीएसपी 2 भास्कर रंजन ने बताया कि गाड़ी से काफी दुर्गंध आ रही है। किस प्रकार का मांस या हड्डी है, इसकी जांच अभी तक नहीं हुई है। इसकी जांच की जा रही है। घटना की सूचना पर सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग एफसीआई थाने पर पहुंचकर कार्रवाई की मांग कर जमकर हंगामा करने लगे। हंगामा करते देख पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद लोगों का गुस्सा और भड़क गया। हंगामा खड़ा होते ही पुलिस ने चारों लोगों को छोड़ दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ। वहीं, दूसरी तरफ मामले को लेकर बरौनी इंस्पेक्टर रजनीश कुमार, एफसीआई थाना अध्यक्ष अंजली कुमारी, जीरोमाइल ओपी अध्यक्ष चंदन कुमार और चकिया थानाध्यक्ष नीरज कुमार चौधरी सहित दर्जनों पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## गंडक नदी में पलटी नाव, छह लोग डूबे; दियारा जा रहे थे सभी, एसडीआरएफ की टीम चला रही सर्च ऑपरेशन



पश्चिम चंपारण के बगहा में गंडक नदी में एक नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। इसमें नाव सवार छह लोग डूब गए। सभी लोग लापता हैं। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। जिला प्रशासन और पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम ने फौरन एसडीआरएफ को बुलाया। स्थानीय तैराक और एसडीआरएफ की टीम छह लोगों की तलाश में सर्च ऑपरेशन चला रही है।

बताया जाता है कि सभी लोग गंडक नदी पार कर दियरा क्षेत्र में किसी काम से जा रहे थे। अचानक गंडक की तेज धार में नाव अनियंत्रित हो गई। इसके बाद हादसा हुआ। इधर, घटना की जानकारी अगल-बगल के लोगों ने स्थानीय प्रशासन को दिया। स्थानीय प्रशासन की मदद से मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम रेस्क्यू कर डूबे हुए लोगों की बचाव मे जुटी हुई है। वही डूबे लोगों के परिजनों में हाहाकार मचा हुआ है। परीजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।